दिनांक 29.11.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त के0एल0 चौहान के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री स्वावलम्बन योजनान्तर्गत नगर निगम भिलाई क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर निर्मित दुकान का आबंटन लाटरी प्रक्रिया अपनाकर पुरी पारदर्शिता के साथ राशि जमा किये गये हितग्राहियों को आबंटन करने के निर्देश आवास प्रभारी अधिकारी श्री मूर्ति शर्मा को दिया गया था।

आयुक्त महोदय, के आदेशानुसार आज निगम सभागार में महापौर परिषद के प्रभारी श्री डॉ. दीवाकर भारती, पार्षद भोजराज भोजू, राकेश अरोरा, राजस्व अधिकारी एच.के. चन्द्राकर, जनसम्पर्क अधिकारी सुभाष सिंह ठाकुर, आवास प्रभारी श्री मूर्ति शर्मा, राजस्व निरीक्षक जयकुमार जैन की उपस्थिति में पुरी पारदर्शिता के साथ राशि जमा किये गये हितग्राहियों को मुख्यमंत्री स्वावलम्बन योजनान्तर्गत 101 दुकान का आबंटन लाटरी प्रक्रिया के माध्यम से की गई।

मुख्यमंत्री स्वावलम्बन योजनान्तर्गत निर्मित दुकान जिसका आज आबंटन किया गया नेहरु नगर 09, राधिका नगर 12, प्रियदर्शिनीय परिसर 01, वैशाली नगर 03, जवाहर नगर गौरवपथ 19, जवाहर कालोनी 03, रामनगर 01, खुर्सीपार 36, रिसाली 02, घासीदास नगर 02, मदरटेरेसा नगर 05, कुरुद 04, गौतम नगर 01, एवं हाउसिंग बोर्ड में 02 दुकान हितग्राहियों को आबंटित किया गया। इस योजनान्तर्गत कुल 308 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 209 हितग्राहियों के द्वारा नियमानुसार राशि निगम कोष में जमा की गई थी। राशि जमा करने के पश्चात् पात्र हितग्राहियों को लाटरी के माध्यम से कुल 101 दुकान आबंटित की गई।

आवास प्रभारी अधिकारी श्री मूर्ति शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि दुकान आबंटन की प्रक्रिया शासन के द्वारा दिये गये दिशा निर्देश के अनुरुप पुरी पारदर्शिता एवं आरक्षण नियमों का पालन करते हुए उपस्थित हितग्राहियों की सहमति पश्चात् लाटरी प्रक्रिया अपनाकर दुकान आबंटन की प्रक्रिया पुरी की गई। आज जिन हितग्राहियों को दुकान क्रमांक आबंटित किया गया है उन हितग्राहियों को शेष प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु कार्यालय में आहूत कर आबंटन की प्रक्रिया नियमानुसार की जावेगी।

जनसम्पर्क अधिकारी